## MP Police Constable Exam 2025 – 30 अक्टूबर फर्स्ट शिफ्ट प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1. कौन राज्य के मुख्यमंत्री को उसके पद की शपथ दिलाता है?

उत्तर: राज्यपाल मुख्यमंत्री को पद की शपथ दिलाता है। (संबंधित अनुच्छेद – 153 से 162 तक)

प्रश्न 2. खजुराहो नृत्य महोत्सव कितने दिनों तक चलता है?

उत्तर: एक सप्ताह (7 दिन) तक, 20 फरवरी से 26 फरवरी तक। (प्रारंभ – वर्ष 1975, स्थान – खजुराहो, मध्य प्रदेश)

प्रश्न 3. मध्य प्रदेश का पहला वंश कौन-सा था?

उत्तर: प्रघोत वंश। (संस्थापक – चंद्रप्रघोत, शासन – अवंती पर, लगभग 138 वर्ष)

प्रश्न 4. महाराष्ट्र में नए वर्ष पर कौन-सा नृत्य किया जाता है?

उत्तर: लावनी और तमाशा। (लावनी – ऊर्जावान लोकनृत्य; तमाशा – नृत्य, नाटक और संगीत का मिश्रण)

प्रश्न 5. अहिराई नृत्य किस समय किया जाता है?

उत्तर: आमतौर पर दिन के समय में। (त्योहारों, विवाह और फसल कटाई जैसे समारोहों में किया जाता है)

प्रश्न 6. निम्नलिखित में से कौन-सा बांध महानदी पर स्थित है?

उत्तर: हीराकुंड बांध। (स्थान – उड़ीसा, संबलपुर; दुनिया का सबसे लंबा मिट्टी का बांध; शुरू – 1957)

प्रश्न 7. मध्य प्रदेश में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौन हैं?

उत्तर: धर्मेन्द्र सिंह लोधी।

प्रश्न 8. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मई 2023 में मध्य प्रदेश के किन अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया?

उत्तर: शाजापुर, कटनी, साउथ, श्रीधाम, नर्मदापुरम, शिवनी और ओर्चा।

प्रश्न 9. हीराकुंड बांध किस नदी पर स्थित है?

उत्तर: महानदी पर। (लंबाई – 25.79 किमी, संचालन प्रारंभ – 1957)

प्रश्न 10. होमो इरेक्टस की खोज कब और किसने की थी?

उत्तर: वर्ष 1891 में डच सर्जन यूजीन डुबोइस ने इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर की थी।

प्रश्न 11. विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना कब हुई थी?

उत्तर: 8वीं से 9वीं शताब्दी के बीच, लगभग 783 ईस्वी में। (संस्थापक – पाल वंश के राजा धर्मपाल; स्थान – भागलपुर, बिहार)

प्रश्न 12. मटकी नृत्य किस क्षेत्र में प्रसिद्ध है?

उत्तर: मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र में। (सिर पर मटकी संतुलित करके किया जाने वाला एकल नृत्य)

प्रश्न 13. उत्तल लेंस और अवतल लेंस में क्या अंतर है?

उत्तर: उत्तल लेंस – बीच में मोटा, किनारों पर पतला, प्रकाश किरणों को केंद्रित करता है (अभिसारी)।
अवतल लेंस – बीच में पतला, किनारों पर मोटा, प्रकाश किरणों को फैलाता है (अपसारी)।

प्रश्न 14. भारत का सबसे गहरा बंदरगाह कौन-सा है?

उत्तर: कृष्णापट्टनम बंदरगाह (नेल्लोर, आंध्र प्रदेश)। (नाम विजयनगर सम्राट श्री कृष्णदेव राय के नाम पर रखा गया)

प्रश्न 15. 'लाफिंग गैस' के रूप में किसे जाना जाता है?

उत्तर: नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$)।

प्रश्न 16. फ्लेमिंग का बाएं हाथ का नियम किसके लिए प्रयोग होता है?

उत्तर: विद्युत मोटर में धारा, चुंबकीय क्षेत्र और बल की दिशा ज्ञात करने के लिए।

प्रश्न 17. रानी दुर्गावती का विवाह किससे हुआ था?

उत्तर: दलपत शाह से, वर्ष 1542 में। (दलपत शाह – गोंड राजा संग्राम शाह के पुत्र थे)

प्रश्न 18. अम्ल क्या होता है?

उत्तर: अम्ल ऐसा रासायनिक पदार्थ है जो पानी में घुलने पर हाइड्रोजन आयन ($H^+$) देता है। (स्वाद – खट्टा, नीले लिटमस को लाल करता है, $pH < 7$)

प्रश्न 19. मध्य प्रदेश के राजवंश की स्थापना के समय दिल्ली में कौन-सा राजवंश था?

उत्तर: गुर्जर-प्रतिहार या तोमर राजवंश। (बाद में दिल्ली सल्तनत की स्थापना – 1206 ईस्वी)